दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 04 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगातार बारिश के कारण गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती और कोसी सहित विभिन्न नदियां उफान पर। गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना, मुंगेर, भागलपुर समेत सभी स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर।

02. मौसम विभाग ने आज पश्चिमी और पूर्वी चंपारण में अति भारी बारिश और सिवान, गोपालगंज, शिवहर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

03. निर्वाचन आयोग ने दो मतदाता पहचान पत्र रखने के मामले में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को जारी किया नोटिस। जांच के लिए विवरण प्रस्तुत करें।

04. और, आज सावन की चौथी और अंतिम सोमवारी के पावन अवसर पर मंदिरों और शिवालयों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का लगा तांता।

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा, सोन, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, कमला–बलान और कोसी सहित अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह, मुंगेर, भागलपुर समेत सभी स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। पटना के दियारा क्षेत्रों के कई प्रखंडों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इधर, सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में खतरे के निशान को पार कर गया है। पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर में खतरे के निशान से करीब आधा मीटर ऊपर बह रही है। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में लाल निशान से लगभग एक मीटर ऊपर दर्ज किया गया। बागमती नदी सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान के बेहद करीब पहुंच गयी है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में चेतावनी स्तर को पार कर गया है।

---

मधुबनी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कमला नदी के जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है।

———बाइट———

वहीं, भागलपुर में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि निचले इलाकों में पानी प्रवेश करने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं हैं।

———बाइट———

बक्सर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कर्मनाशा नदी के जलस्तर में वृद्धि से बक्सर–मोहनिया उच्चमार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है।

———बाइट———

जिले में गंगा नदी खतरे के निशान से 14 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। बीती रात से हो रही वर्षा और पहाडी इलाके से आ रहे पानी के कारण नदी उफान पर है। जिले के सिमरी, राजपुर और इटाढी प्रखंड के कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल जाने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। बक्सर मोहनिया मार्ग पर पानी आ जाने से गंगौली श्रीकांत राय का डेरा, बेनीलाल का डेरा, तवकल राय का डेरा, कोयलवीर बाबा का डेरा, दल्ली के डेरा, लाल सिंह का डेरा, समेत कई इलाकों में आवागमन बाधित हो गया है। जिला प्रशासन ने आवाजाही के लिए नौ नावों की व्यवस्था की है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

———————————————————————

राजधानी पटना में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में जलजमाव से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

———रिपोर्ट———

लगातार बारिश के कारण राजेन्द्रनगर, कंकड़बाग, पाटलिपुत्र, राजीव नगर और गर्दनीबाग समेत कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। गंगा नदी का जलस्तर गांधी घाट, दीघा घाट और कंगन घाट पर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। इसका असर दीघा और पटना सिटी अनुमंडल के निचले इलाकों पर साफ दिख रहा है, जहां लोगों को घरों से निकलने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी तथा नगर आयुक्त स्वयं हालात की निगरानी कर रहे हैं। जिला प्रशासन, नगर निगम, एनडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीमें अलर्ट पर है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में बाढ़ की स्थिति को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कल पटना में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर अलर्ट मोड में रहने को कहा है। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत मौजूद थे।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में पिछले बहत्तर घंटों से रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पूरे राज्य में अच्छी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। कई स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश की भी आशंका है। पश्चिमी और पूर्वी चंपारण में अति भारी बारिश और सिवान, गोपालगंज, शिवहर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट है। इस दौरान कई स्थानों पर आंधी और वज्रपात की भी आशंका है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटे के दौरान पटना, मधुबनी, किशनगंज, सीवान, पूर्णिया, बेगू सराय, सुपौल, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर और नालंदा जिलों में भारी बारिश हुई है।

———————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने दो मतदाता पहचान पत्र रखने के मामले में राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को नोटिस जारी किया है। आयोग ने कहा है कि श्री यादव जांच के लिए विवरण प्रस्तुत करें। इधर, ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची को मतदाता फोटो पहचान पत्र संख्या के साथ सार्वजनिक कर दिया है, जिससे पुष्टि होती है कि तेजस्वी  यादव का नाम सूची में है और उनका मतदान केंद्र बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन स्थित बूथ संख्या दो सौ चार पर है। एक रिपोर्ट....

———रिपार्ट——

———————————————————————————————

इधर, भाजपा और एनडीए के अन्य सहयोगी दलों के नेताओं ने कहाा है कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को फ़र्ज़ी मतदाता पहचान पत्र रखने के लिए जवाब देना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने मांग की है कि निर्वाचन आयोग इस मामले का संज्ञान ले और दो मतदाता पहचान पत्र रखने के लिए तेजस्वी यादव पर मामला दर्ज करे। एनडीए प्रवक्ताओं ने पटना में भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दो पहचान पत्र रखना एक संज्ञेय अपराध है और इस मामले में कार्रवाई की जानी चाहिए।

———————————————————————————————

राज्य में मतदाता प्रारुप सूची के प्रकाशन के बाद लोगों से दावे आपत्तियों के आवेदन लिए जा रहे हैं। प्रखंड कार्यालय, नगर निकाय के कार्यालयों और अंचल कार्यालय में विशेष शिविर लगाकर आवेदन लिए जा रहे हैं। आयोग ने कहा है कि जिन पात्र मतदाताओं के नाम शामिल होने से छूट गए हैं वे एक सितम्बर तक आवेदन देकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इधर, चुनाव आयोग ने कहा कि प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद से अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। आयोग के अनुसार अब तक नौ सौ इकतालीस पात्र मतदाताओं ने दावा आपत्ति के लिए आवेदन किया है। आयोग ने बताया है कि अठारह वर्ष पूरा कर चुके चार हजार तीन सौ चौहत्तर युवाओं ने मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म सिक्स जमा किया है।

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दस अगस्त को सासाराम से मतदाता अधिकार यात्रा की शुरूआत करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा वरिष्ठ नेता और सांसद प्रियंका गांधी भी यात्रा में शामिल होंगी। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया है कि यह तीस से अधिक जिलों से होकर गुजरेगी। इस दौरान पद यात्रा और सभाएं होंगी। पहले चरण में सासाराम से शुरू होकर यात्रा औरंगाबाद होते हुए तेरह अगस्त को गयाजी पहुंचेगी। दूसरे चरण में सोलह अगस्त से गयाजी से नवादा होते हुए जमुई—भागलपुर के रास्ते सीमांचल और कोसी के विभिन्न जिलों में यात्रा का आयोजन किया जाएगा। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और इंडिया गठबंधन के घटक दल के नेता भी यात्रा में शामिल रहेंगे।

———————————————————————

आज सावन की चौथी और अंतिम सोमवारी है। इस अवसर पर मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

हमारे संवाददाता ने बताया कि सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ, सोनपुर के हरिहरनाथ, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, पटना के बैकटपुर धाम, लखीसराय के अशोकधाम, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, सुपौल के तिलहेश्वर स्थान और सहरसा के मटेश्वरनाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा—अर्चना कर जलाभिषेक

कर रहे हैं। वहीं, पर्यटन विभाग की ओर से गयाजी में आज से दो दिवसीय कोंचेश्वर महादेव महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कई कलाकार भी अपनी प्रस्तुति पेश करेंगे। इधर, भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

———म्यूजिक———

———————————————————————————

भागलपुर जिले के शाहकुंड — भागलपुर मुख्य पथ पर कल देर रात भेलथू महतो स्थान से कुछ दूरी पर एक पुल के पास डीजे वाहन के बरसाती नदी में पलट जाने से पांच लोगों की मौत हो गई। हमारे संवाददाता ने बताया है कि डीजे वाहन पर बारह युवक सवार थे जिसमें से तीन युवक तैर कर बाहर आ गए। इन सभी का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है. ये युवक जलार्पण करने के लिए सुल्तानगंज जा रहे थे।

———————————————————————————

अब, पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार में मादक पदार्थ  नियंत्रण ब्यूरो बनेगा। अखबार लिखता है — सूखे नशे और ड्रग्स के खिलाफ तेज होगा अभियान।

दैनिक जागरण की विशेष खबर है– जुलाई में जीएसटी से बिहार को मिले एक हजार आठ सौ तेरह करोड़ रुपये।

दैनिक भास्कर लिखता है– अंतिम सोमवारी से सावन मेहरबान। मधुबनी के जयगनर में एक सौ इकहत्तर मिलीमीटर वर्षा हुई। आज भी बारिश का अलर्ट।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगातार बारिश के कारण गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती और कोसी सहित विभिन्न नदियां उफान पर। गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना, मुंगेर, भागलपुर समेत सभी स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर।

02. मौसम विभाग ने आज पश्चिमी और पूर्वी चंपारण में अति भारी बारिश और सिवान, गोपालगंज, शिवहर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

03. निर्वाचन आयोग ने दो मतदाता पहचान पत्र रखने के मामले में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को जारी किया नोटिस। जांच के लिए विवरण प्रस्तुत करें।

04. और, आज सावन की चौथी और अंतिम सोमवारी के पावन अवसर पर मंदिरों और शिवालयों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का लगा तांता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।